संख्या–cm-224
26/04/2021

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई कोविड–19 से संबंधित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

मुख्य बिंदु :–

- हर हाल में ऑक्सीजन की आपूर्ति करनी है, दवा के साथ–साथ ऑक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता रखें ताकि मरीजों को किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं हो।

- सरकारी या निजी अस्पतालों में ऑक्सीजन आपूर्ति की जो जरुरत है उसको पूर्ण करने के लिए हर जरुरी कदम उठाएं।

- कोरोना के बढ़ते मामले को लेकर हरेक पहलू पर गंभीरतापूर्वक विचार करें और परिस्थिति के अनुसार हर जरुरी कदम उठाएं।

- कोरोना जांच की संख्या बढ़ाने के साथ–साथ जांच की रिपोर्ट जल्द उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

- संचार के अन्य माध्यमों के साथ–साथ माइकिंग के द्वारा गांव–गांव तक कोरोना संक्रमण के प्रति लोगों को सतर्क और सजग करने के लिए निरंतर अभियान चलायें।

- अगल–बगल के गांव और मुहल्लों में जो कोरोना का फैलाव हो रहा है उसके बारे में लोगों को बताएं कि आप अगर सतर्क और सजग रहेंगे तो संक्रमण का खतरा कम से कम होगा।

- लोग मास्क का जरूर प्रयोग करें, आपस में दूरी बनाकर रहें, हमेशा साबुन से हाथ धोते रहें, बेवजह घर से बाहर न निकलें।

पटना, 26 अप्रैल 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोविड–19 से संबंधित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की।

स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से राज्य में कोविड–19 की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने डेली टेस्ट पॉजिटिविटी रेट, एक्टिव केसेज, कुल जांच, आर0टी0पी0सी0आर0 जांच एवं टीकाकरण के संबंध में जानकारी दी। कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए उठाये जा रहे कदमों के संबंध में भी प्रधान सचिव स्वास्थ्य ने विस्तृत जानकारी दी।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण के मामले प्रतिदिन तेजी से बढ़ रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार अभी और बढ़ने की संभावना है। कोरोना के बढ़ते मामले को लेकर हरेक पहलू पर गंभीरतापूर्वक विचार करें और परिस्थिति के अनुसार हर जरुरी कदम उठाएं। उन्होंने निर्देश देते हुये कहा कि कोरोना जांच की संख्या बढ़ाने के साथ–साथ जांच की रिपोर्ट जल्द उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, इससे संक्रमितों का समय पर इलाज किया जा सकेगा। अन्य राज्यों में चुनाव के लिए जो भी पुलिस बल बाहर गई है, वापस लौटने पर उनका जांच करवाएं। पुलिस बलों की भी नियमित जांच करवाते रहें। उन्होंने कहा कि आयुष चिकित्सकों, यूनानी चिकित्सकों, दंत चिकित्सकों, सेवानिवृत चिकित्सकों का भी इस महामारी से निबटने में सहयोग लें। इसके साथ–साथ अन्य प्रकार के चिकित्सा कार्य से भी जुड़े लोगों की ट्रेनिंग कराकर उनका सहयोग लिया जाय। कोरोना जांच में कुछ लोगों की आर0टी0पी0सी0आर0 रिपोर्ट निगेटिव आ रही है लेकिन उनमें कोरोना संक्रमण के लक्षण पाए जा रहे हैं, ऐसे मरीजों के इलाज की भी व्यवस्था अस्पतालों में सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि टीकाकरण कार्य में भी और तेजी लायें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी या निजी अस्पतालों में ऑक्सीजन आपूर्ति की जो जरुरत है उसको पूर्ण करने के लिए हर जरुरी कदम उठाएं। हर हाल में ऑक्सीजन की आपूर्ति करनी है। जितने ऑक्सीजन आपूर्ति का अलॉटमेंट केन्द्र सरकार के द्वारा किया गया है उसके अलावा अगर और ऑक्सीजन की आवश्यकता है तो राज्य सरकार अपने खर्चे पर उपलब्ध करायेगी। ऑक्सीजन सिलिंडर की बर्बादी एवं बेवजह भंडारण न हो इसका भी ध्यान रखें। दवा के साथ–साथ ऑक्सीजन की उपलब्धता पर्याप्त रखें ताकि मरीजों को किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं हो। सभी नगर निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मास्क का वितरण सुनिश्चित कराएं और लोगों को मास्क के प्रयोग के बारे में जानकारी दें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संचार के अन्य माध्यमों के साथ–साथ माइकिंग के द्वारा गांव–गांव तक कोरोना संक्रमण के प्रति लोगों को सतर्क और सजग करने के लिए निरंतर अभियान चलायें। सभी को यह समझाने की जरुरत है कि वे मास्क का जरूर प्रयोग करें, आपस में दूरी बनाकर रहें, हमेशा साबुन से हाथ धोते रहें, बेवजह घर से बाहर न निकलें। अगल–बगल के गांव और मुहल्लों में जो कोरोना का फैलाव हो रहा है उसके बारे में लोगों को बताएं कि आप अगर सतर्क और सजग रहेंगे तो संक्रमण का खतरा कम से कम होगा।

बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार उपस्थित थे, जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद, उप मुख्यमंत्री श्रीमती रेणु देवी, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय, विकास आयुक्त श्री आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक श्री एस0के0 सिंघल, पथ निर्माण सह पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य

सचिव श्री अमृत लाल मीणा, अपर मुख्य सचिव गृह श्री चैतन्य प्रसाद, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव श्री प्रत्यय अमृत, ग्रामीण विकास विभाग के प्रधान सचिव श्री अरविंद कुमार चौधरी, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव श्री आनंद किशोर सहित संबद्ध विभाग के अन्य अधिकारीगण जुड़े हुए थे।

******